कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

श्री मुरारीलाल बैरवा पुत्र श्री किशनलाल बैरवा पताः– पंडितपुरा की ढाणी, न्यू पावर हाउस के पीछे, पेट्रोल पम्प के सामने, धौली गुमटी, तह0 बसवा, जिला दौसा।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई, जिला दौसा।

अपील सं0 16/2020

निर्णय दिनांक : 02.07.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु लॉकडाउन के कारण कार्यवाही लम्बित रहने के पश्चात आज पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा से संबंधित है। आवेदक को वांछित सूचना प्राप्त नहीं होने पर उनके द्वारा इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत करने पर लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्रांकः डीएम/कोर्ट/2020/951 दिनांक 18.03.2020 द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। किंतु लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा की ओर से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ। किन्तु पत्रावली मे आवेदक द्वारा प्रस्तुत उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई के पत्रांकःआरटीआई/2020/173 दिनांक 11.02.2020 की छायाप्रति मे अंकितानुसार आवेदक द्वारा चाही गई सूचना से संबंधित सूचना उनके कार्यालय मे नहीं होना व्यक्त किया गया है। इस प्रकार उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई के द्वारा सूचना के संबंध मे अपीलांट को अवगत करवाया जा चुका है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
दौसा